# पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नोडल स्तरीय बैठक

## निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**ब्यावर, (निसं)।** नव शैक्षिणक सत्र 2024 - 25 के प्रथम दिवस पर ग्राम पंचायत सेंदड़ा के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भीकमचंद परिहार के द्वारा अपने नोडल अधीनस्थ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के समस्त संस्थाप्रधान एवं बीएलओ की बैठक बुलाई गई जिसमें राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त योजनाओं पर विचार विमर्श कर उनकी शत प्रतिशत क्रियान्विती पर जोर दिया गया। बैठक में नामांकन वृद्धि एवं हाउस होल्ड सर्वे के साथ-साथ पालनहार योजना के पात्र विद्यार्थियों,साक्षरता अभियान के तहत निरक्षर व्यक्तियों का सर्वे, विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 में श्रेष्ठ अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्रों की फोटो मय बैनर लगाने एवं नामांकन वृद्धि को बढ़ावा देने हेतु मुख्य द्वार पर आकर्षक द्वार बनाने,आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित गर्भवती,धात्री एवं आंगनबाड़ी में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट बालक बालिकाओं को ज्यादा से ज्यादा

- **राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त योजनाओं पर विचार विमर्श कर उनकी शत प्रतिशत क्रियान्विती पर जोर दिया गया**

जोड़ने एवं राज्य सरकार के द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत दिए गए लक्ष्य उच्च माध्यमिक विद्यालय में 400 पौधे, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 200 पौधे, एवं प्राथमिक विद्यालय स्तर पर 80 पौधे लगाने का आ ान कर उससे और अधिक पौधे शिक्षक, छात्रों एवं आमजन का सहयोग लेकर विद्यालय अथवा ग्राम के सार्वजनिक स्थलों पर लगाने एवं उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए।इसके अलावा वर्षा ऋतु के समय में विद्यालय के जर्जर कक्षा कक्षों मैं विद्यार्थियों को नहीं बिठाने, विद्यालय के छतों की साफ सफाई, मिड डे मील के



**विद्यालय के समस्त संस्थाप्रधान एवं बीएलओ की बैठक बुलाई गई।**

तहत ग्राष्म अवकाश स पुनः लाटन क पश्चात दूध पाउडर एवं अनाज की देखरेख,प्रार्थना को रोचक एवं असरदार बनाने के लिए सूर्य नमस्कार, प्रेरक प्रसंग, समाचार पत्र वाचन इत्यादि के आयोजन तथा प्रतिवर्ष मिलने वाले स्कूली व्यय बजट का विद्यालय एवं विद्यार्थी हित में ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग सुनिश्चित करने, विद्यालय के कक्षा कक्ष में नाकारा एवं अनुपयोगी समान की नीलामी के संबंध म तथा ाविद्यालय खुलन क साथ हा हर एक बालक को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रधानाचार्य ने एक नवाचार की पहल भी की जिसके तहत हर महीने की पहली तारीख एवं अंतिम तारीख की नोडल स्तरीय बैठक नोडल के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों म बारा-बारा स का जाएगा ताक समस्त नोडल के संस्था प्रधानों को प्रत्येक विद्यालय को जांचने, परखने एवं देखने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकेगा साथ ही मीटिंग आयोजित करवाने वाले विद्यालय के संस्था प्रधान को अपने विद्यालय में आने वाले समस्त संस्था प्रधानों को अपने विद्यालय से संबंधित शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों को प्रस्तुत करने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकेगा ।

## आवागमन मार्ग हेतु बॉक्सेस तैयार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेल्वे की ओर से पुराने स्टेशन परिसर में दोनों रेल पटरियों के नीचे खुदाई कार्य शुरू करने के साथ नई ट्रैक के लिये भारी भरकम गार्डर रखने हेतु कार्य शुरू हुआ। रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य महेंद्र पाटनी ने बताया

मदनगंज साइड के रेल परिसर मे ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान पटरियों के नीचे खुदाई कार्य पूरा कराये जाने के पश्चात आवागमन हेतु तैयार शेष रहे आर.सी.सी.बॉक्सेस डाले जाने का कार्य होना है, बाद एक अन्य डीएफसी रेल के कुछ समय के ट्रैफिक ब्लॉक से मौके पर रखे गये गार्डर हटा लिये जायेंगे।पूर्व में हमीर कॉलोनी साइड में उत्तर पश्चिम रेलवे विभाग द्वारा दो दिवसीय रेल ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान खुदाई कार्य के बाद पटरियों के नीचे आर.सी.सी. के ग्यारह बॉक्सेस फिट कर भूमिगत मार्ग बना दिया। भाजपा नेता पाटनी के अनुसार फुलेरा स्टेशन पर बने अंडरपास पैटर्न नुमा वैसा ही हमीर कॉलोनी मदनगंज चौराहे की ओर आने जाने वाले सुविधाजनक मार्ग के लिये पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में पांच मीटर चौड़ा व ढाई मीटर ऊंचा तथा करीब 34 मीटर लम्बा भूमिगत मार्ग अंडरपास शीघ्र ही आम नागरिकों के लिए लोकार्पित होगा।

## सार-समाचार

### भाजपा कार्यालय का शुभारम्भ



**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 15 में उप चुनाव को लेकर भाजपा चुनाव कार्यालय शुभारंभ सभापति दिनेश सिंह राठौड़, युवा नेता सुभाष चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, जिला महामंत्री वेदप्रकाश दाधीच, महामंत्री सुनील दरडा ने किया। सभापति राठौड़ ने कहा की भाजपा ने वार्ड से जुझारू कार्यकर्ता को सिंबल दिया है, वार्ड में यह विकास कार्यों के लिये सदैव अग्रणी बनकर सेवा करेंगे। युवा नेता सुभाष चौधरी ने कहा उप चुनाव में काफी सोच समझकर वार्डवासियो की मांग के मुताबिक जगदीश सिंह को उम्मीदवार बनाया। अब वार्डवासी एकता का परिचय देकर अधिक से अधिक समर्थन देवे, ताकि वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराये जा सके। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी व जिला मंत्री किशन बंग ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य सचेतक सुरेंद्र सिंह शेखावत, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री समरथसिंह, विमल बड़जात्या, श्याम सिंह, राजेश नवहाल, मेंहताब सिंह, राजेन्द्र सिंह, शंभु शर्मा, राजू बाहेती, बलराज सैनी, पार्षद अनिल राव, हिम्मत सिंह, नवीन जिंदागल, पंकज पहाड़िया, पवन जांगिड़, शंकर शर्मा, अजीत जैन, बबलू रावत, भागचंद चौधरी, बाबूलाल सिसोदिया, संतोष पारीक, प्रदीप चौधरी, जीतेन्द्र रंगवानी आदि उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री सुनील दरडा ने किया।

### 57.78 लाख की राशि आंवटित

**अजमेर, (कासं)।** महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार द्वारा जिला परिषद अजमेर क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए राशि 57.78 लाख का आंवटन प्राप्त हुआ है। इस राशि को ग्राम पंचायतों की संख्या के समानुपात में पंचायत समितियों का उप आंवटित करते हुए योजना की दिशानिर्देशिका अनुसार निर्धारित श्रेणी के कार्यो पर जनसहयोग द्वारा विकास कार्य कराए जा सकेंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना ने बताया कि महात्मा गांधी जनभागीदारी योजनान्तर्गत सामुदायिक परिसम्पतियों के सृजन के लिए 30 प्रतिशत जनसहयोग, सृजित परिसम्पत्ति पर दानदाता का नाम अंकन करने की स्थिति में 51 प्रतिशत जनसहयोग, शमशान एवं कब्रिस्तान की चारदिवारी मय सुविधाओं यथा वृक्षारोपण, टीनशेड, चबूतरा आदि निर्माण कार्य के लिए 10 प्रतिशत जनसहयोग, अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य क्षेत्रा (ग्राम के कुल जनसंख्या में से अनुसूचित जाति एवं जनजाति दोनों को सम्मिलित करते हुए 40 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या जनगणना 2011) में 20 प्रतिशत जनसहयोग राशि के प्रस्ताव प्राप्त कर कार्य किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण समारोह 30 को

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** रावणा राजपूत महासभा संस्थान की कार्यकारिणी मीटिंग में 30 जून को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। रावणा राजपूत सभा भवन में कर्णसिंह चौहान की सदारत में आयोज्य मीटिंग में कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह गोड़ ने नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष नटवर सिंह को कार्यभार सौपा। इस दौरान अध्यक्ष सुधीरसिंह चौहान, गणपत सिंह नरुका, हनुमान सिंह पंवार, देवकरण सिंह तंवर, सुरेश सिंह खतौली, हरीसिंह खातोली, अर्जुन सिंह पंवार, नरेंद्र सिंह भाटी, कुंदनसिंह चौहान, ओमसिंह भाटी, दिलीप सिंह कच्छावा, रामप्रसाद सिंह गॉड, नाथूसिंह चौहान, लखनसिंह मेडतिया, अमित सिंह चौहान, श्यामसिंह सोलंकी, नाथूसिंह तित्यारी, जगदीश सिंह चौहान, धनसिंह राठौड भाभोलाव, गोपाल सिंह गॉड, प्रहलाद सिंह कच्छावा, करणसिंह चौहान, सुमेर सिंह राठौड़ गोली सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहें।

### चार वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित

**अजमेर, (कासं)।** पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव -जून 2024 के अन्तर्गत जिले में चार वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतन ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव माह-जून 2024 के निर्धारित कार्यक्रमानुसार अजमेर जिले की पंचायत समिति किशनगढ़, श्रीनगर वं पीसांगन में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा तथा नाम वापसी के बाद पंचायत समिति किशनगढ़ की मालियों की बाड़ी ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 3 के लिए निर्मला, ग्राम पंचायत नलू के वार्ड संख्या 5 के लिए माया देवी, पंचायत समिति श्रीनगर की भवानी खेड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 11 के लिए उर्मिला रावत तथा पंचायत समिति पीसांगन की अलीपुरा ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 8 के लिए शहनाज बानू निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित घोषित हुए।

### महानिरीक्षक पुलिस ने निरीक्षण किया

**ब्यावर, (निसं)।** महानिरीक्षक अजमेर रेंज लता मनोज कुमार आई.पी.एस. ने जिला पुलिस ब्यावर के पुलिस लाईन व पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिमांशु जांगिड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित वृत्ताधिकारी विजय सिंह, राजेश कसाना व सज्जन सिंह उपस्थित रहे।इस दौरान महानिरीक्षक महोदया के पुलिस लाईन पहुंचने पर डबल गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जिले के समस्त थानाप्रभारी उपस्थित रहे।

### मीसा बंदियों का सम्मान आज

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। राजस्थान सरकार की और से 25 जून को मुख्यमंत्री आवास पर आपातकाल के दौरान जेलो में बंद रहे मीसा बंदियों का सम्मान किया जायेगा। लोकतंत्र सेनानी किशनगोपाल दरगड ने बताया की मासिक पेंशन शुरू करने के बाद आपातकाल की बरसी पर मुख्यमंत्री आवास पर सांय 5 बजे आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में आपातकालीन बंदियो को सम्मानित किया जायेगा।

### करदाताओं को बताई आयकर की महत्ता

**अजमेर, (कासं)।** आयकर विभाग द्वारा आजाद पार्क में आयोजित टैक्सपेयर हब में सोमवार को विभिन्न कियोस्कों पर आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयकर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मुस्तैद रहे। केन्द्रीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों को खेल, नुक्कड नाटक, मैजिक शो द्वारा आयकर के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थी इस देश के भविष्य होने के साथ-साथ भावी आयकर दाता भी है। आयकर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में अन्य नागरिक भी टैक्सपेयर हब में अपनी समस्यों के साथ आए। इनकी समस्याओं का यथोचित समाधान सुझाया गया। यह कार्यक्रम तीन दिन के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## दुबई में फंसे भारतीय मजदूरों को घर लाने की मांग

**अजमेर, (कासं)।** सवधर्म जागृति एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने आज जिला कलक्टर से दुबई में फसे मजदूरों सकुशल लाने की मांग की जिला अध्यक्ष हेमराज खारोलिया ने बताया की राजेंद्र सिंह पुत्र श्री छोटू सिंह निवासी विष्णु नगर फतेह पुरिया दोयम ब्यावर कार्य करने दुबई गया था वहां जहां भी काम कर रहे थे, मालिक वह एजेंट दुबई छोड़कर चले गए इनका वीजा भी समाप्त हो चुका हैं। मुल्क लौटने के पैसे नहीं है, खाने में रहने के मुसीबत है भारतीय एंबेंसी दुबई को भी अवगत कराया गया। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिन एजेंट के माध्यम से वह गया वह भी चार से पांच महीना से फरार है। घर परिवार भी चिंतित है कृपया भारत सरकार पहले भी फंसे भारतीयों को लाती रही है कृपया मदद करें कि यह फसे भारतीय वापस सह कुशल भारत आ सके ऐसे भारतीय करीब 25 से 30 इसके साथी हैं जहां वह रह रहे हैं मकान मालिक ने भी कुछ दिनों की मकान खाली करने को कहा है तथा तीन माह से वेतन भी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हमने अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी जी से भी मांग की कि वह विदेश मंत्री से बात करके संज्ञान ले और जल्द ही फसे भारतीयों को दुबई से मुक्त कराए।साथ में राजेंद्र सिंह की पत्नी सुनीता भी उनके साथ आई जहा रो रो कर जिला कलेक्टर को अपने पति को वापस बुलाने की मांग की ज्ञापन देने वालों में हेमराज खारोलिया, रवि दगदी, तरुण जादम, हरी सिंह गढवाल आदि मौजूद रहे।

## निगम ने अवैध निर्माणों पर की कार्यवाही

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर नगर निगम द्वारा अवैध भवनों पर कार्यवाही करते हुए दुकानें और बीना स्वीकृति के बन रहे भवन को सीज कर दिया।

निगम के अवैध निर्माण प्रभारी धर्मेन्द्र आनंद ने बताया कि सोमवार को दौराई अंडर पास के नजदीक जगदीश टांक और यूसुफ खान द्वारा नगर निगम से स्वीकृति लिए बिना छह दुकानों का निर्माण कर लिया था।

निर्माण कर्ताओ को नोटिस जारी किए गए, लेकिन उनके द्वारा स्वीकृति बाबत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

सोमवार सुबह निगम का दल मौके पर पहुंचा सभी दुकानों को सीज कर इनमें हो रहे व्यवसाय को संचालित नहीं करने के निर्देश दिए गए।

## 'शिक्षित बालिका विकसित समाज का आधार'

**भीलवाड़ा।** जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना व जिला अभिसरण समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागीय योजनाओं का समीक्षा की। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत आगामी समय में बालिकाओं का करियर काउंसलिंग सेमीनार, कॉफी विद कलक्टर कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रतिभाशाली बालिकाओं को ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में चयनित करने के निर्देश दिये।



**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना व जिला अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई।**

खेल, कला, पढ़ाई के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालिकाओ को करवाएंगे हवाई जहाज की यात्रा - जिला कलक्टर ने सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए कि खेल, कला, पढ़ाई एवं विभिन्न क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं की सूची तैयार की जाए साथ ही उनको हवाई जहाज की यात्रा करवाने की भी बात कही जिससे उनका मनोबल बढे। ऐसी महिलाएं जो किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ती है, उनको शिक्षा विभाग के माध्यम से अध्ययनरत बालिकाओं से मिलवाया जाए।

## योग शिविर संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** राधेरानी गार्डन गुलाब बाड़ी में संचालित निशुल्क योग कक्षा में पांच दिवसीय योग शिविर का सोमवार को समापन हुआ।

शिविर संचालक व भारत स्वाभिमान के सहजिला प्रभारी आचार्य हेमंत आर्य ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष में आमजन के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए 20 जून से लगातार चल आ रहे विशेष योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें लाइफस्टाइल डिजीज को समझने और उसको दूर करने तथा उत्तम स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम और प्राकृतिक चिकित्सा सिखाई गई। प्रशिक्षक सोहनलाल सोलंकी और अंजना राठौड़ ने बताया कि शिविर में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर अलग अलग आसनों का प्रदर्शन, प्रतिदिन योग करने का संकल्प और भारत सरकार की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग पर बनी टी शर्ट का वितरण किया गया।

## समन्वय बैठक आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** विभागों में आपसी समन्वय के लिए सोमवार को जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि आगामी मानसून की बारिश से पूर्व सभी नाले तथा आनासागर एस्केप चैनल को पूरी तरह साफ कर ले। इनकी अजमेर विकास प्राधिकरण के द्वारा मोनिटरिंग की जाए। आनासागर से खानपुरा तालाब तक का पूरा जल प्रवाह अवरोध रहित रहे। मशीनों के उपयोग के साथ-साथ मशीन की पहूंच से दूर वाली जगहों पर श्रमिक लगवाकर सफाई करें। इसी प्रकार बांडी नदी का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। शहरी क्षेत्रा में वर्तमान बारिश के दौरान जल भराव के स्थानों का चिन्हीकरण करें। उन स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्था की जाए। कार्यकारी संस्थाओं द्वारा मडपम्प की रिपेयरिंग करके कार्यशील रखें। अतिरिक्त मडपम्प की आवश्यकता

- **आगामी मानसून की बारिश से पूर्व सभी नाले तथा आनासागर एस्केप चैनल को साफ करने के निर्देश**

होने की स्थिति में अग्रिम निविदा कर लें।

उन्होंने कहा कि आनासागर के जल स्तर को कम करने के कार्य की गति को बढ़ाएं। साथ ही खानपुरा तालाब की भी सफाई सुनिश्चित करें। शहर में सिवरेज के मेन हॉल को सड़क के बराबर रखें। मेन हॉल के ढ़क्कनों की जांच करावें। मानसून की बारिश में समस्त मेन हॉल ढ़के होने चाहिए।

बारिश खत्म होने तक समस्त प्रकार की रोड़ कटिंग को रोक दिया जाए। रोड़ कटिंग की समस्त अनापत्तियों को निलम्बित कर दें। टाटा पावर को फाल्ट रोकने चाहिए।

## विधायक चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** विधायक डॉ विकास चौधरी ने ग्रामीण इलाकों का दौरा कर जनसुनवाई की। उन्होंने अंराई व बोराडा मुख्यालय पर लोगों की समस्याओ को लेकर अधिकारियों से बात कर समाधान कराया।

काफी लोगो ने बिजली, पानी, सड़क के बारे में शिकायत की। विधायक चौधरी ने कहा समस्याओ का समाधान नहीं होने पर आवाज को विधानसभा में उठाऊंगा।

गांव गोठियाना में क्रिकेट प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही गोठियाना, बोराडा, बथंली, झिरोता, ढोहरिया, दोथली, काशीर, आकोडिया सहित दर्जनभर गांवो में पिछले दिनों जिन परिवारों ने अपनों को खोया उनके दुख दर्द में सम्मिलित हुए। इस दौरान क्षेत्र के प्रधान, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस कार्यकर्त्ता व जनप्रतिनिधि साथ रहे।

## धौली ग्राम में चरागाह भूमि से अतिक्रमण

**आसीन्द, (निसं)।** आसींद पंचायतों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर भजनलाल सरकार ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

सरकार ने साफ-साफ कह दिया है कि अगर पंचायतों की चारागाह भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सरपंच-वीडीओ नपेंगे।

सरकार की तरफ अब कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गोरतलब है कि आसींद उपखंड क्षेत्र के मोतीपुर ग्राम पंचायत में पंचायत प्रशासन कानून को ताक में रखकर चलाया जा रहा है इनको लेकर धौली ग्राम के ग्रामीण एकत्रित होकर आसींद तहसीलदर व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मोतीपुर पूर्व सरपंच देवकरण जाट ने बताया की ग्राम धौली में जो पंचायत द्वारा वृक्षारोपण कार्य करने के लिए तारबंदी की जारी रही है उसके विरोध में प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को सूचित किया की यह तारबंदी जब

- **ग्रामीणों ने कहा कि उक्त विषय में सुनवाई करके राहत प्रदान करावे अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा**

की जावे तब सभी चारागाह व बिलानाम भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जावे अन्यथा यह तारबंदी नहीं की जावे अगर यह तारबंदी होती हे तो सभी आवारा पशुओं को चरने की दिक्कत होगी जिससे ग्रामीणों में विरोध हो रहा है कि उक्त विषय में सुनवाई करके ग्रामीणों को राहत प्रदान करावे अन्यथा उठा आंदोलन किया जाएगा जिसमें जिम्मेदारी प्रशासन की होगी उस मौके पर आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, दुर्गा सिंह, घिसू कुमावत, बरदा गुर्जर, रामजस सुथार व कई लोग मौजूद रहे।

## पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मसूदा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की चरमराई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष भवंरलाल बूला ने राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के नाम मसूदा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष भवंरलाल बूला द्वारा सौपें ज्ञापन में बताया कि जलदाय विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से इस भीषण गर्मी में मसूदा उपखंड का जनमानस पानी के लिए तरस रहा हैं। पंप हाउस पर पैनल एवं मोटरों का जला होना, मुख्य लाइन से अवैध एवं इंटरकनेक्शन होने से आगे की पेयजल आपूर्ति तीन-चार माह से बाधित पड़ी है। जलदाय विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की मौन स्वीकृति से अवैध कनेक्शन से पानी के अवैध टैंकर भरकर महंगे दाम पर क्षेत्र की प्यासी जनता को बेचा जा रहा है। जलदाय विभाग के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस का कार्य ठेकेदारों को निर्विरोध सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु दिया गया है, लेकिन जलदाय विभाग के भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों की निष्क्रियता से ठेकेदार ने जलदाय विभाग को अपनी बपौती मानकर पेयजल आपूर्ति को चौपट कर मसूदा उपखंड की जनता को पानी के लिए तरसा दिया है।

## सडक़, नाली व पानी की निकासी की मांग

### वार्ड संख्या 52 के लोगों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर नगर निगम के वार्ड नम्बर 52 के लोगों ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर ठेकेदार द्वारा सीवरेज कार्य के बाद डामर की जगह सीसी सडक़ बनाने सहित नाली व पानी की निकासी को लेकर पार्षद के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर कार्यों की निष्पक्ष

- **कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग**

जांच करने और दोषी ठेकेदार व निगम अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग की।

नगर निगम के वार्ड संख्या 52 के पूर्व पार्षद पवन बैरवा व समाजसेवी महेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया किया वार्ड में दस माह से सांई विहार कॉलोनी, दानमल माथुर कॉलोनी, कृपाल नगर, रामदेव विहार कॉलोनी सहित आस-पास के क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा सीवरेज का कार्य किया जा रहा है। सीवरेज कार्य के दौरान



**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।**

ठेकेदार द्वारा किया जाने वाला रोड रेस्टोरेशन का कार्य निविदा की तय शर्तों के अनुरूप नहीं किया गया है। जगह जगह सडक़ें खुदी हुई हैं। पिछले दिनों शहर में आई बरसात के दौरान सडक़ पर बरसात के पानी का निकास नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। महेन्द्र भाटी ने आरोप ठेकेदार पर मनमाने तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गत दिनों ही वार्ड में पार्षद शीलम बैरवा के मकान का नांगल था, इस दौरान डामर की सडक़ पर शीलम बैरवा के मकान तक सीसी रोड बना दिया। जबकि आचार संहिता लगी हुई थी,लेकिन ठेकेदार व नगर निगम के अधिकारियों ने सभी नियमों को ताक में रखते हुए सडक़ बनवा दी, जबकि क्षेत्रवासी आज भी टूटी सडको व पानी की निकासी से परेशान है। बिरदीचंद महावर ने बताया कि सीवरेज लाइन डालने से पहले क्षेत्र में डामर की सडक़ें थी। लेकिन सीवरेज कार्य के बाद ठेकेदार ने डामर की बजाए सीसी रोड का निर्माण कर दिया। जब इस संबंध में निगम अधिकारियों से जानकारी चाही तो उन्होंने भी कोई संतोष जनक जबाव नहीं दिया।

## स्किल डेवलपमेंट शिविर का शुभारभ

**अजमेर, (कासं)।** दिगंबर जैन महासमिति के द्वारा पांच दिवसीय स्किल डेवलपमेंट का प्रोग्राम विद्यासागर तपोवन क्षत्रिय योजना में प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के संयोजक व प्रेरणा स्त्रोत मनोज मोडासिया रहे महिला संभाग की अध्यक्ष रूपश्री जैन के प्रयास से बड़ी संख्या में सहभागी उपस्थित रहे।

महासमिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार की विधाओं को राष्ट्रीय स्तर के मैटर के द्वारा प्रशिक्षित किया गया रूपश्री जैन ने बताया कि शिविर में योग की मैटर साधना दनघशिया ने अर्हम योग करवाया।

संजय सेठी के द्वारा मांडना व रंगोली का प्रशिक्षण दिया गया श्वेता कटारिया के द्वारा डांस अंजलि के द्वारा ब्यूटीशियन का वह मीना दोषी के द्वारा इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स प्रशिक्षण दिया गया मनोज मोडसिया एवं राजेंद्र पाटनी विनय गदिया, अशोक पहाड़ियां अजय दोषी कुसुम जैन के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण किया गया महा समिति की मंत्री अनुभा बाकलीवाल, ट्रेजरार सुनीता गंगवाल, माहसमिति की सक्रिय सदस्य रिंकू जैन के द्वारा बच्चों को अल्पाहार का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का समय प्रतिदिन 1 बजे से 3 तक विद्यासागर तपोवन में ही रखा गया है।

## समीक्षा बैठक ली

**मूसदा, (निसं)।** उपखंड अधिकारी मसूदा की अध्यक्षता में आज अवैध खनन निर्गमन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु उपखंड स्तरीय एसआईटी टीम की बैठक आायेजित हुई।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना Basant kaur से बदलकर Basant kanwar रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए- Basant kanwar 2/o Raghuraj singh, आदर्श नगर, अजमेर


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या ए-36 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री भंवरलाल पुरोहित पुत्र श्री कैलाश चंद पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 18/07/2013 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) सुश्री मेघा पुरोहित पुत्री स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड़, अजमेर (2) दिव्यांशु पुरोहित पुत्र स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड़, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती सावित्री पुरोहित पत्नि स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 10/09/2014 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

# क्रिकेट खेलने और शाखा चलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, माहौल गरमाया

## मारपीट में दो संघ कार्यकर्ता घायल, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थिति एमजी पार्क में क्रिकेट खेलने और शाखा चलाने को लेकर दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में दो संघ कार्यकर्ता के घायल होने की खबर के बाद माहौल गरमा गया। बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पहले पार्क और फिर थाने के बाहर पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। देर रात तक चले प्रदर्शन के बाद दूसरे दिन सोमवार को शहर में शांति रही।

- समुदाय विशेष के करीब डेढ़ दर्जन युवकों ने बेट और स्टंप आदि से हमला किया
- हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता थाने के बाहर पहुंचे और कार्रवाई की मांग की
- विधायक ने मौके पर पहुंच पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता की

एएसपी विमल सिंह ने बताया कि एमजी पार्क में क्रिकेट खेलने के दौरान संघ के कार्यकर्ता और मुस्लिम समाज के बच्चों के बीच विवाद हो गया था। विवाद के बीच हुई मारपीट में दो स्वयंसेवक पार्थ और सोमनाथ घायल हो गए। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान मुस्लिम पक्ष के लोग भी अपनी रिपोर्ट लेकर थाने पहुंचे तो देखते-देखते दोनों पक्ष आमने-सामने की स्थिति पैदा हो गई, एक बार तो टकराव के हालत बन गए। पुलिस ने बीच में आकर स्थिति संभाली, देर रात तक दोनों पक्षों की ओर से धार्मिक नारेबाजी जारी रही और परस्पर दोनों पक्ष कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते रहे। हंगामे के सूचना पर शहर विधायक अशोक कोठारी मौके पर पहुंचे और पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत कर मामला शांत करवाया।

आरएसएस से जुड़े विजय सोनी ने बताया कि यहां कई वर्षों से शाखा लग रही है, लगातार यहां पहले भी हमला किया जाता रहा है। रविवार शाम को जब स्वयंसेवकों ने शाखा लगाई तो समुदाय विशेष के करीब डेढ़ दर्जन युवक हाथ में क्रिकेट बेट और स्टंप आदि लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। वहीं दूसरी और मुस्लिम समुदाय की एक महिला शगुफ्ता बानू की और से भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है, जिसमें उसने अपने भतीजे अमान के साथ संघ कार्यकर्ताओं द्वारा मारपीट करने और बीच बचाव के दौरान उसके साथ अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं।

वीडियो में शगुफ्ता ने पुलिस पर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस द्वारा मुस्लिम पक्ष की रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई। वहीं पुलिस ने इस मामले में मुस्लिम पक्ष से एक युवक को डिटेन करते हुए मामले में अन्य दोषियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर मामले को शांत करवाया तो वहीं हिंदू संगठन के नेताओं ने 24 घंटे का अल्टिमेटम दिया है। कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी है और अतिरिक्त जाब्ता भी तैनात किया गया है।

# दुष्कर्म मामले को लेकर महासंघ व नर्सिंगकर्मियों का प्रदर्शन

## सुजानगढ़ क्षेत्र में कार्यरत एएनएम से दुष्कर्म मामले में जिलेभर के एएनएम सहित कर्मचारी संगठनों में आक्रोश



दुष्कर्म मामले को लेकर जिलेभर के नर्सिंगकर्मियों ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया।

**चूरू, (कासं.)।** दुष्कर्म मामले को लेकर जिलेभर के नर्सिंगकर्मियों ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सुजानगढ़ क्षेत्र में कार्यरत एएनएम से दुष्कर्म मामले में जिले भर के एएनएम सहित अन्य कर्मचारी संगठनों की ओर से सोमवार को जमकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। जिले से आई महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने भी धरने को समर्थन दिया।

एलएचबी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की चूरू जिलाध्यक्ष बाला राठौड़ ने बताया कि 19 जून की रात एएनएम के साथ दुष्कर्म हुआ। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई। करीब दो घंटे के प्रदर्शन में प्रतिनिधिमंडल की कलेक्टर व एसपी से संयुक्त वार्ता हुई। वार्ता में एसपी ने बताया कि आरोपी की धरपकड़ के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- विभिन्न मांगों पर जिला कलेक्टर व एसपी से हुई वार्ता में सहमति बनी

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल की मांग पर प्रकरण की जांच डीएसपी से करवाने, आरोपी को भगाने में सहयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने, पीड़िता का स्थानांतरण अन्यत्र करने सहित तीन दिन में आरोपी को गिरफ्तार करने पर सहमति बनी। इस मौके पर सीएमएचओ मनोज शर्मा, फूले सिंह बुरड़क, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राहुल कस्वां सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रदर्शन करने वालों में शिक्षक संघ शेखावत के भंवरलाल कस्वां, ग्राम विकास अधिकारी संघ के बीरबल धारिवाल, नर्सेज एसोसिएशन के सुमेर सिहाग, मांगीलाल कुल्हरी, सुजानगढ़ के नर्सेज एसोसिएशन के बजरंग वर्मा, एएनएम संघ के शारदा, भूपेंद्र सिंह काजला, निवास माली, एएनएम एलएचवी संघ की एएनएम सुनील, सविता, राधा मीणा, संतोष, राजबाला, विष्णु, कृष्णा, मंजू, चंद्रकला, संतोष, विमला, उर्मिला, निर्मला मीणा, इंदिरा सैनी, भागोती, सुनीता, कविता, प्रमोद, उर्मिला आदि उपस्थित थी।

# जसरापुर की गौचर भूमि में हो रहा है अवैध अतिक्रमण, ग्रामीणों में रोष

## ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के जसरापुर की गौचर भूमि में अवैध रूप से अतिक्रमण कर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोमवार को ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

एसडीएम सविता शर्मा को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव के पास गौचर भूमि व जोहड़ की भूमि खाली पड़ी हुई है, जिसमें गांव के अलावा अन्य पशुओं के बैठने लिए उपयुक्त जगह है। गौचर भूमि को खाली देखकर कुछ असामाजिक लोगों द्वारा भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कार्य व अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसको लेकर गांव के लोगों की ओर से गौचर भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने को लेकर समझाने के बाद भी भूमि माफिया लगातार गौचर भूमि पर कब्जा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा होने से गायों को भटकना पड़ रहा है। ऐसे में गौ माता की स्थिति को देखते हुए अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम से पटवारी को मौके पर भेजकर सार्वजनिक भूमि को चिन्हित कर उस पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन को पूर्व में भी अवगत करवाया गया था, लेकिन प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। यदि जल्द ही प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर बुधराम, गुरू दयाल, अभयसिंह, मुकेश कुमार, उमराव सिंह, गोकुलचंद, चुनीलाल, हीरसिंह, भागीरथ सिंह, किशनलाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

इस संबंध में एसडीएम सविता शर्मा ने कहा कि इस मामले की जानकारी जुटाई जाएगी। यदि सार्वजनिक भूमि पर कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण या अवैध कब्जा करता पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के रानी रोड पर हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार रविवार रात में रानी रोड़ संजय गार्ड के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गांधीनगर निवासी पंकज हरिजन (26) पुत्र ख्यालीलाल हरिजन गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई रामनाथ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पंकज सुखाड़िया सर्कल स्थित रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में ठेके पर काम करता था। रात में बाइक लेकर काम पर जा रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# करोड़ों की जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाली गैंग पकड़ी

## हाथीपोल थाना पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया

**उदयपुर, (कासं)।** हाथीपोल थाना पुलिस ने करोड़ों की जमीन को फर्जी गिफ्ट डीड एवं फर्जी मुख्तियारनामा बनाने वाली शातिर गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 20 मई 2023 को प्रेमशंकर पुत्र धनराज माली निवासी न्यू भूपालपुरा खारांकुआ तहसील गिर्वा उदयपुर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि दिलीप माली पुत्र भंवरलाल माली निवासी रोड़ नं.1 पुरोहितों की मादड़ी, पुष्पा माली पत्नी दिलीप माली पुत्री धनराज माली निवासी रोड़ नं.1 पुरोहितों की मादड़ी, सुरेश पुत्र हरपाल तलरेजा निवासी कन्यूनिटी हॉल के पास शक्तिनगर, होशांक तलरेजा पुत्र सुरेश तलरेजा निवासी कम्यूनिटी हॉल के पास शक्ति नगर, शेरसिंह राठौड़ पुत्र जेठसिंह राठौड़ निवासी राडाजी बावजी मंदिर बेडवास, सुरेन्द्र कुमार सौलंकी पुत्र औंकारलाल खटीक निवासी सुखदेवी नगर बेदला बड़गांव, विकास निमावत पुत्र शंकरलाल निवासी गुलाबेश्वर मार्ग हाथीपोल, संजय कुमार राय पुत्र मांगीलाल निवासी खटीक मोहल्ला चित्तौड़गढ़ हाल उदयपुर, नन्दलाल पुत्र पन्नालाल माली निवासी आयड़ कन्यूनिटी हॉल के पास शक्ति नगर, उप पंजियक प्रथम एवं संबंधित कार्यालय स्टाफ, तहसीलदार गिर्वा, पटवारी राजस्व ग्राम आयड़ पटवार हल्का पुरोहितों की मादड़ी के खिलाफ रिपोर्ट पेश की। मेरे व अन्य सह खातेदारों के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की जमीन न्यू भुपालपुरा खारांकुआ, पानी की टंकी के पास है। आरोपियों ने मिलीभगत कर उक्त कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गिफ्ट डीड एवं फर्जी मुख्तियारनामा तैयार कर विक्रय कर दी।

मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने मुख्य आरोपी दिलीप माली पुत्र भंवरलाल माली निवासी पुरोहितों की मादड़ी उदयपुर, साजिश कर्ता शेरसिंह राठौड़ पुत्र जेठसिंह निवासी राड़ाजी बावजी मंदिर बेडवास उदयपुर को गिरफ्तार किया। जिनसे की गई पूछताछ के आधार पर राजेश खटीक पुत्र कैलाश खटीक निवासी पुरोहितों की मादड़ी प्रतापनगर तथा लोकेश मेघवाल पुत्र छोगालाल निवासी पुरोहितों की मादड़ी प्रतापनगर को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शौभागपुरा रोड़ पर स्थित करोड़ों की जमीन को हथियाने के लिए षड्यंत्र रचाकर पीड़ित की बहन पुष्पा की एक फर्जी गिफ्ट डीड तैयार की तथा उसके आधार पर मुख्तियारनामा तैयार किया, जिसके आधार से अलग-अलग रजिस्ट्री करवाकर कब्जे की तैयारी में थे।

## हादसे में युवती की मौत, परिजन घायल

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर अनियंत्रित कंटेनर ने कार को चपेट में ले लिया। हादसे में युवती की मौत हो गई तथा उसके परिजन घायल हो गए। सोमवार सवेरे टीडी की नाल में अहमदाबाद से उदयपुर की तरफ आ रहे अनियंत्रित कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में उनावास खमनोर राजसमन्द हॉल अहमदाबाद निवासी डिंपल कुंवर (23) पुत्री भेपालसिंह राजपूत की मौत हो गई तथा उसके पिता भोलासिंह, मां ललिता कुंवर, भाई अजयसिंह घायल हो गए।

# लाखों के जेवर व नगदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन व सास गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं.)।** हिन्दू संस्कृति में पति-पत्नि के पवित्र रिश्ते को तार-तार कर इसे व्यवसाय बनाने वाली लूटेरी दुल्हन व शातिर सास को मालपुरा थाना पुलिस ने सांभरलेक से गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी एएसआई रामनारायण गुर्जर ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि 1 अप्रेल को मालपुरा निवासी रामअवतार सोनी ने थाने में दी रिपोर्ट में अवगत करवाया कि सांभरलेक निवासी कोमल सोनी से मेरे पुत्र विजय सोनी का 23 नवम्बर 2023 को समाज बंधुओं की उपस्थिति में हिन्दु रिति-रिवाज से सामाजिक परम्पराओं का निर्वहन करते हुये विवाह हुआ था। शादी में बहू बनी कोमल सोनी को 10 तोला सोना व आधा किलो चांदी के आभूषण पहनाये गये थे। शादी के बाद लगभग 10-12 दिन कोमल सोनी मेरे घर में पुत्रवधु बनकर रही। कोमल ने मेरे बेटे विजय से ऑनलाईन तकरीबन 3 लाख रूपये अपने खाते में ट्रासंफर करवाये। कोमल ने अपनी मां अनुराधा सोनी से मिलीभगत कर षड्यंत्र पूर्वक धोखाधड़ी से जेवरात व रूपये हड़प लिये। थानाधिकारी ने बताया कि पीड़ित की और से दी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई रामनारायण गुर्जर को सौंपी गई। जांच अधिकारी ने हर एक पहलू पर निष्पक्ष जांच करते हुये पुलिस तंत्र व मुखबीर आदि से जुटाये साक्ष्यों के आधार पर शादी का झांसा देकर धोखे से नगदी व आभूषण हड़पने वाली सास व बहू को सांभर लेक से गिरफ्तार किया गया।

- न्यायालय ने पुलिस रिमांड पर भेजा, दोनो मां-बेटी की अब तक चार शादीयां हो चुकी है

जांच अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनो मां-बेटी से की गई पूछताछ में सामने आया कि दोनों मां-बेटी ने पूर्व में भी लोगों को शादी का झांसा देकर आभूषण व नगदी हड़पने तथा उल्टा उनको बलात्कार व दहेज प्रताड़ना सहित मारपीट के प्रकरणों में फंसाकर शादी के रिश्ते को एक कारोबार बना लिया। दोनों मां-बेटी की अब तक चार शादीयां हो चुकी है।

## हथियारों के साथ तीन गिरफ्तार

**बूंदी, (निसं)।** अवैध हथियार तस्करी खरीद-फरोख्त के खिलाफ बूंदी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन पिस्टल 12 जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक हुनमान प्रसाद ने बताया कि अवैध हथियार तस्करो के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत सदर व तालेड़ा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये 3 आरोपियो को गिरप्तार कर उनके कब्जे से 3 पिस्टल एवं 12 जिन्दा कारतूस बरामद किये।

जिला पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि भगवान सहाय थाना अधिकारी सदर के द्वारा हथियार तस्कर सोनु कुमार सोनगरा के कब्जे से एक पिस्टल मय 4 जिन्दा कारतूस बरामद किये। सोनु से गहनता से पुछताछ करने पर पता चला कि हथियार तस्कर जितेन्द्र पुत्र कल्याण राजपूत हथियार सप्लाई के लिए बून्दी आने वाला है, जिस पर जितेन्द्र को डिटेन कर जितेन्द्र के कब्जे से एक पिस्टल व 5 जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम मे आरोपियों से पूछताछ करने पर तालेड़ा निवासी तस्कर मनुप्रतापसिंह पुत्र रणजीतसिंह का नाम सामने आया, जिस पर तालेड़ा थानाधिकारी रामेश्वर जाट ने आरोपी मनुप्रतापसिंह को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 देशी पिस्टल लोहे की व 3 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये।

# अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने की मांग

## सर्व समाज के लोगों ने सदर थाने के सामने धरना-प्रदर्शन किया

**चूरू, (कासं.)।** राणासर निवासी सानिया बानो के अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लड़की को बरामद करवाने की मांग को लेकर सर्व समाज ने सोमवार को सदर थाने के सामने धरना-प्रदर्शन किया।

शमशेर भालू खां ने बताया कि सानिया बानो के अपहरण की रिपोर्ट शौकत पुत्र इलाहीबख्स ने 19 जून को सदर थाने में दर्ज करवाई थी, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। शमशेर ने बताया कि चूरू, सीकर एसपी को लिखित में पत्र दिया गया, लेकिन पुलिस अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। पुलिस के इस व्यवहार और उदासीनता से आहत होकर सदर थाने के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है। धरने में शामिल सर्व समाज के लोगों की मांग है कि नामजद आरोपी जिनकी डिटेल उपलब्ध करवाई जा चुकी है, उनको जल्द निरूद्ध कर अपहरण की गई बालिका को बरामद किया जाये। अगर फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो हाईवे जाम कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

- बालिका को बरामद नहीं करने पर हाईवे जाम कर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी
- सानिया बानो के अपहरण की रिपोर्ट 19 जून को सदर थाने में दर्ज करवाई थी, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई

धरना प्रदर्शन करने वालों में मजीद राणासर, आरिफ खान, सिकंदर खान, बशीर खान, मोहम्मद अली खान, रहमान, इब्राहिम, इकराम, आरिफ खान, साबिर खान, भंवरु खान, तौफीक खान, मोहिद्दीन खान, आसिफ खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अजमेर में गुमटी व डेयरी बूथ संचालकों ने प्रदर्शन किया

## जिला व रेल विभाग से अन्य स्थान पर जगह उपलब्ध करवाने की मांग की

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिला शहर कियोस्क एवं डेयरी बूथ एसोसिएशन अजमेर के बैनर तले सोमवार को गुमटी वालों ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को रेल मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर रेल प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने जिला व रेल विभाग से अन्य स्थान पर जगह उपलब्ध करवाने की मांग की है।

- रेल प्रशासन पर लगाया मनमानी का आरोप, कलेक्टर को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा
- गुमटियों को एडीए ने गत दिनों तोड दिया था

जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगा सिंह गुर्जर व गुमटी संचालकों ने रेल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि इंडिया मोटर सर्किल कचहरी रोड स्थित रेलवे की भूमि के पास बनी गुमटियों को गत दिनों एडीए द्वारा तोड़कर कई लोंगों को बेरोजगार कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें अन्य स्थानों पर जगह देकर पुनः रोजगार मुहैया करवाया जाए।

**2001-02 में आवंटित हुई थी गुमटियां:-** एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगा सिंह गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार एवं अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2001-02 में सार्वजनिक निर्माण विभाग की भूमि पर गुमटियां देकर बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया गया था। यहां पर गुमटियां बनाकर दी गई थीं। यह गुमटियां रेलवे बिसिट की दीवार के सहारे बनाई गई थी, लेकिन पिछले दिनों रेल प्रशासन ने पीपीपी मोड पर रेलवे बिसिट का कुछ हिस्सा 60 वर्षों की लीज पर अमित जैन को दे दिया। रेलवे ने प्रशासन की मदद से उनकी गुमटियों को हटा दिया। गुमटियों के संचालकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि उन्हें अन्य स्थान पर जगह उपलब्ध करवाकर पुनः रोजगार प्रदान किया जाए।

## कुएं में अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिला

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत झाडली गांव के पास नदी किनारे एक कुएं में सोमवार को तकरीबन आठ से दस दिन पुराना एक अधेड का क्षत-विशत शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी। लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर हैड कांस्टेबल भारत सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुएं से तकरीबन एक किलोमिटर दूर तक शव की बदबू फैली हुई थी।

मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से कुएं में चारपाई लटका शव को बाहर निकाला गया। मृतक की उम्र अनुमानित 45 से 50 वर्ष होने का अनुमान है। मृतक गले में रूद्राक्ष पहने हुआ था। मृतक के पास किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं मिलने से शव की पहचान नहीं हो पाई। अधेड़ का शव इतना खराब हो चुका था कि उसे मोर्चरी में रखना संभव नहीं था। मौके पर मौजूद झाडली सरपंच व ग्रामीणों की मौजूदगी में उनकी सहमति से पास ही जंगल में जनसहयोग से पुलिस ने शव का अन्तिम संस्कार करने की परम्परा का निर्वहन किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू करते हुये घटना स्थल से फोटोग्राफ व वीडियोग्राफी के जरिये साक्ष्य जुटा जांच शुरू की।

# बेरोजगार युवाओं ने महिला आरक्षण 50 प्रतिशत किए जाने पर विरोध जताया

## बेरोजगार युवाओं ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**अजमेर, (कासं)।** राज्य के विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता को मूल आधार बनाये रखने और महिला कोटा को 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किए जाने को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर सोमवार को बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पुरुष वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। बेरोजगार युवाओं ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए निर्णय को वापस लेने की मांग की गई तथा वापस नहीं लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

- ज्ञापन के जरिए निर्णय को वापस लेने की मांग की, आंदोलन की चेतावनी भी दी

सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर डॉ. दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर बताया कि तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के आरक्षण को 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर देना उचित नहीं है। वर्तमान में बालिकाएं हर भर्ती परीक्षा में 40 से 50 प्रतिशत सीटें अपनी प्रतिभा से प्राप्त कर रही हैं जो कि प्रशंसनीय है और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरक है।

बेरोजगार युवाओं ने चेतावनी दी कि अगर इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो सभी पुरुष वर्ग धरातल पर उतरकर गांव, शहरों में विरोध प्रदर्शन करेंगे। पुरुष वर्ग का रोजगार ही छीन लिया है, सभी को मानसिक तनाव देकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बेरोजगार युवाओं ने कहा कि यह निर्णय बीएसटीसी धारक छात्र अध्यापकों को अवसाद ग्रस्त करने के लिए मजबूर कर रहा है और परिणाम स्वरुप अधिकांश छात्र अध्यापक पुरुष वर्ग बेरोजगार रहकर सड़कों पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस विषय पर सरकार को पुनः विचार करना चाहिए। सभी ने यही मांग कि आरक्षण बिल के निर्णय को वापस लिया जाए।




अजमेर कलेक्ट्रेट पर मांगों को लेकर बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन किया।

